R.N.I. No. UPHIN/2023/86842 वर्ष : 02 अंक : 153 | लखीमपुर–खीरी, सोमवार 21 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ – 04 मूल्य – 01

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# संज्ञान दृष्टि

एक सम्पूर्ण अखबार

मोबाइल नं0–7080049049 | sangyandristinewspaper@gmail.com | website-Sangyannews.com | twitter-Sangyannews

लखीमपुर–खीरी, दिल्ली एनसीआर के साथ–साथ इंदौर, गौरखपुर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बहराइच, लखनऊ, अयोध्या, गया (बिहार)

## एक नज़र

**वाराणसी–** काशी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन, काशी आना पुण्य अनुभूति का अनुभव–पीएम, इस अस्पताल से बुजुर्गों, बच्चों को लाभ–पीएम, मेडिकल के छात्रों को फायदा मिलेगा–पीएम, काशी वासियों को एक और अस्पताल मिला–पीएम, अस्पताल में गरीबों को मुफ्त इलाज मिलेगा–पीएम, मेडिकल के छात्र इंटर्नशिप कर सकेंगे–पीएम मोदी, गुजरात में भी शंकरा नेत्र अस्पताल–पीएम मोदी, नेत्र अस्पताल रोजगार का अवसर देगा–पीएम मोदी, पूर्वांचल के अस्पतालों को नजर अंदाज किया गया–पीएम, बीमारी गरीब को और गरीब बनाती है–पीएम मोदी, पूर्वांचल में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हुआ–पीएम, लोगों को सस्ती और अच्छी दवाएं मिल रहीं–पीएम, हमारी सरकार ने टीकाकरण का दायरा बढ़ाया–पीएम, 10 साल पहले दिमागी बुखार का इलाज नहीं था–पीएम, हमने मिशन इंद्रधनुष शुरू किया–पीएम नरेंद्र मोदी।

**लखनऊ–** यूपी प्रोजेक्ट्स कार्पोरेशन ने नया कीर्ति मान बनाया, सीएम योगी को मंत्री स्वतंत्रदेव ने सिंह ने सौंपा चेक, कार्पोरेशन के 54 लाख के लाभांश का चेक सौंपा, 2023–24 में कॉरपोरेशन का टर्नओवर 1448.24 करोड़, 2023–24 में टर्नओवर और लाभ का अनुपात 6.06 है, 2022–23 में 62.04 करोड़ का नेट प्रॉफिट किया अर्जित।

**लखनऊ–** कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर का बड़ा बयान, सुभासपा सरकार बनेगी तो प्रदेश में शराब बंदी होगी–राजभर, अखिलेश यादव के ट्वीट पर भी हमलावर हुए राजभर, सपा सरकार में संगमरमर की सड़क बनी थी क्या–राजभर, अखिलेश यादव उतनी बात करें, जितनी हजम हो–राजभर।

**रायबरेली–** सर्राफा व्यवसायी के बेटे की हत्या का मामला, पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव पहुंचा घर, हत्यारों के एनकाउंटर की परिजन कर रहे मांग, शव के अंतिम संस्कार से परिजनों ने किया मना, भारी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर मौजूद ,अपहरण कर व्यापारी के बेटे की हुई थी हत्या, एएसपी संजीव सिन्हा भी मौके पर पहुंचे, परिजनों को समझाने बुझाने का कर रहे काम, ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र का मामला।

**कानपुर–** दलित छात्र से लगवाए गए जय श्रीराम के नारे, स्कूल परिसर में छात्रों ने लगवाए जय श्रीराम के नारे, दर्जनों छात्रों ने जमकर पीटा और गाली भी दी–पीड़ित, बाबा साहब को गाली देने का बनाया दबाव–पीड़ित, सेन थाना क्षेत्र के हरीगोपाल इंटर कॉलेज का है छात्र।

**वाराणसी–** शंकरा आई हॉस्पिटल के लिए रवाना हुए पीएम मोदी, शंकरा आई हॉस्पिटल का शुभारंभ करेंगे पीएम मोदी, 6611 करोड़ की 23 परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण, पूर्वांचल के खिलाड़ियों के लिए होगा ऐतिहासिक दिन, खिलाड़ियों को मिलेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का उपहार, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भी पीएम मोदी करेंगे जनसभा, जनसभा में करीब 20 हजार से अधिक लोग होंगे शामिल।

## सपा–कांग्रेस पर जमकर बरसे पीएम, बोले–देश के विकास में बाधक हैं ये पार्टियां



वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी स्पोर्ट्स स्टेडियम का उद्घाटन करने के बाद सपा और कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। कहा कि इन लोगों ने देश के विकास को आगे ही नहीं बढ़ने दिया। आज भी विकास कार्यों में रोढ़ा डालने का काम कर रहे हैं। खिलाड़ियों को सम्मान देने का काम भाजपा ने ही किया है।

**पीएम मोदी का उत्साहवर्धन करते दिखे युवा–**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण के समाप्त होते ही मौजूद पब्लिक हर–हर महादेव और मोदी का उद्घोष लगाने लगी। भीड़ में मौजूद महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और युवा आकर्षक पेंटिंग लेकर पीएम का उत्साहवर्धन कर रहे थे। प्रधानमंत्री का भाषण खत्म होते ही लोग तेजी से सिगरा स्टेडियम से बाहर निकलने लगे। पुलिस भीड़ को नियंत्रित करने में लगी रही।

**देश के युवा बनें राजनीति का हिस्सा–**प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भविष्य में एक लाख युवाओं को राजनीति का हिस्सा बनाया जाएगा। युवाओं से आह्वान किया कि इसके लिए वे आगे आएं और देश की तरक्की का हिस्सा बनें। पीएम ने कहा कि देशवासियों को बधाई देता हूं। पीएम मोदी ने इसी के साथ अपने शब्दों को विराम दिया। वहीं, वाराणसी शहर से निकलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छह बजकर 18 मिनट पर बाबतपुर एयरपोर्ट पर पहुंच गए। यहां सीएम योगी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सहित विभिन्न नेताओं ने उनके साथ मुलाकात की।

**राम भक्तों को मिल गया राम मंदिर–**पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस, सपा समेत तमाम विपक्षी पार्टियां देश के विकास में भी परिवारवाद कर रही थीं। भाजपा जो कहती है वह डंके के चोट पर करती है। अयोध्या में राम मंदिर का सपना भाजपा ने ही पूरा किया। महिलाओं को विधान और लोकसभा में आरक्षण की बात कही गई थी, जिसे हमने ही पूरा किया। कहा कि भाजपा सरकार ने मुस्लिम महिलाओं को सम्मान दिलाया। तीन तलाक के नाम पर वे न जानें कितने वर्षों से प्रताड़ित थीं। अंधकारमय जिंदगी जी रही थीं। भाजपा सरकार ने महिलाओं को सिर ऊंचा कर चलने की हिम्मत दी है।

**काशी में बोले च्ड– नई सरकार के बनते ही एक बार फिर विकास कार्यों की शुरुआत होने लगी–**पीएम मोदी ने अपने संबोधित के दौरान कहा कि देश में भाषाओं का भी विकास किया जा रहा है। पाली भाषा का विकास किया जा रहा है। मैं विकास की इन सभी योजनाओं के लिए देश के सभी नागरिकों के साथ काशीवासियों को धन्यवाद देता हूं।

**विकास और विरासत का रोल मॉडल बनेगी काशी–**पीएम मोदी ने कहा कि पिछले साल देश के एक दर्जन एयरपोर्ट के सुधार भी किए जा रहे हैं। अयोध्या में एक भव्य इंटरनेशनल एयरपोर्ट राम भक्तों का स्वागत कर रहा है। एक समय था यूपी की सड़कें खस्ताहाली के लिए जानी जाती थी। 2014 के बाद यूपी की सड़कें बन रही हैं। सड़कें चमचमा रही हैं। काशी नगरी के विकास और विरासत को लेकर काम किया जा रहा है। यहां गलियों से लेकर सुंदर घाट लोगों का मन मोह रहे हैं। काशी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए सात एयरपोर्ट से जुड़े 6100 करोड़ रुपये के अलग–अलग परियोजनाओं का शुभारंभ किया। कहा कि यूपी के सहारानपुर, मध्य प्रदेश के रीवा, छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

**मुझसे भी ज्यादा युवा है पीएम मोदी : उड्डयन मंत्री–**मंच से जनता को संबोधित करते हुए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में काशी विकास और बदलाव का प्रतीक भी बन गई है। मैं समझता हूं कि यह सौभाग्य की बात है कि पीएम मोदी द्वारा काशी के तीर्थ स्थल से 6100 करोड़ से ज्यादा की राशि की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया जा रहा है।

**दस वर्षों में सुधरा है देश का स्वास्थ्यः पीएम मोदी–**प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में एम्स, मेडिकल कॉलेज, सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक के साथ छोटे शहरों में अस्पताल खोले गए हैं। मेडिकल कॉलेज में नई सीट भी जोड़ी गई है। आने वाले सालों में 75,000 नई मेडिकल की सीट जुड़ेंगे। लोगों की डिजिटल हेल्थ आईडी बनाई जा रही है। ई–संजीवनी में 30 करोड़ लोग ऑनलाइन परामर्श ले चुके हैं। ड्रोण टेक्नोलॉजी से भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में हम आगे बढ़ रहे हैं। बिहार में भी एक शंकरा आई हॉस्पिटल खोलना चाहिए इससे यहां के रहने वाले लोगों को भी लाभ मिलेगा।

## राहिणी बम ब्लास्ट पर आप नेताओं की तीखी प्रतिक्रिया, एलजी की चुप्पी पर उठाए सवाल



नई दिल्ली। रोहिणी में सीआरपीएफ स्कूल के पास रविवार को हुए बम धमाके पर राजनीति शुरू हो गयी है। आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया और मंत्री सौरभ भारद्वाज ने इस धमाके पर चिंता जाहिर करते हुए भाजपा और स्ळ पर निशाना साधा है। उन्होंने एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा कि ये भाजपा की केंद्र सरकार की असफलता है, इन्हें दिल्ली की कानून व्यवस्था की कोई चिंता नहीं है।

**मनीष सिसोदिया ने क्या कहा?–** मनीष सिसोदिया ने कहा, 'आज दिल्ली के रोहिणी में ब्त्च्थ् स्कूल के पास एक बम धमाका हुआ है। त्यौहार के समय जब दिल्ली में हर जगह भीड़ है तब ये बम धमाका चिंता की बात है। मैं भगवान का शुक्रगुजार हूं कि आज रविवार था वरना उन बच्चों पर क्या गुजरती जो स्कूल अपना भविष्य बनाने के लिए आते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि ये भाजपा की केंद्र सरकार की असफलता है, इन्हें दिल्ली की कघनून व्यवस्था की कोई चिंता नहीं है। कल भी दिल्ली में 60 राउंड फायरिंग हुई है। गैंगस्टर सरेआम हत्या और वसूली कर रहे हैं लेकिन भाजपा हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

सिसोदिया ने आगे कहा, 'दिल्ली के लोगों ने बीजेपी को कघनून ठीक करने की जिम्मेदारी दी थी लेकिन बीजेपी का सारा ध्यान इस बात पर है कि कैसे दिल्ली के स्कूल–अस्पताल खघ्राब किए जाए, बुजुर्गों की पेंशन, तीर्थ यात्रा समेत सभी काम रोके जाएं। दिल्ली में गैंगस्टर का राज उसी तरह चल रहा है जैसे 90 के दशक में मुंबई में चलता था।'

**सौरभ भारद्वाज ने क्या कहा?–** सौरभ भारद्वाज ने घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली के एलजी पर निशाना साधा और कहा कहा, 'दिल्ली में कहीं पानी भर जाता है, सड़क खराब हो जाती है तो एलजी साहब मीडिया को लेकर वहां पहुंच जाते हैं।

लेकिन कल वेलकम कॉलोनी में दो पक्षों के बीच 60 राउंड फायरिंग हुई है, आज बम धमाका हुआ है लेकिन एलजी साहब कहां है? पहले एलजी विदेश गये थे और आजकल में हैं ये बात दिल्ली के लोगों से क्यों छिपाई गई?' उन्होंने आगे कहा, 'दिल्ली के लोगों ने बीजेपी को कघनून व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी दी है। लेकिन दिल्ली में बम ब्लास्ट हो रहा है, गैंगवार चल रही है। अगर बीजेनपी से कघनून व्यवस्था नहीं संभल रही है तो इनके नेता इस्तीफा दें।'?

**आतिशी ने क्या कहा?–**दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा, 'दिल्ली में कानून–व्यवस्था भाजपा की केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। भाजपा अपना 99ः समय चुनी हुई सरकार के काम रोकने में लगाती है। आज दिल्ली में वो हाल हो गया है जो एक समय में मुंबई में होता था। कल शाम को वेलकम इलाके में 60 राउंड गोलियां चली हैं। रोज–रोज गैंगस्टर द्वारा जबरन वसूली की खबरें आती हैं। आज एक स्कूल के बाहर ब्लास्ट हो गया। दिल्ली में ये क्या हो रहा है? भाजपा केवल दिल्ली सरकार के काम रोकने में लगी है और अपना एक भी काम नहीं कर रही है।'

## नई तकनीकों का उपयोग कर कार्यों की गुणवत्ता और दक्षता में सुधार किया जाए : योगी

लखनऊ यूएनएस। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को एक बैठक के दौरान सिंचाई विभाग के कार्यों की समीक्षा की और संतोष व्यक्त करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। सीएम योगी ने विभाग को कार्यों की समयबद्धता, गुणवत्ता, और कर्मचारियों की ट्रेनिंग पर विशेष ध्यान देने के साथ–साथ अगले वर्ष बाढ़ से बचाव की कार्य योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं की समय पर पूर्णता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि देरी से ना केवल लागत बढ़ती है, बल्कि जनता को भी लाभ मिलने में देर होती है, इसलिए कार्यों की समयबद्धता प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता पर भी जोर देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सिंचाई विभाग के कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने के लिए उन्हें उचित प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि नई तकनीकों का उपयोग कर कार्यों की गुणवत्ता और दक्षता में सुधार किया जा सकता है। ट्रेनिंग के माध्यम से कर्मचारियों को आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया जाना चाहिए, ताकि बाढ़ नियंत्रण और जल प्रबंधन के कार्य प्रभावी ढंग से किए जा सकें। उन्होंने आने वाले वर्ष में संभावित बाढ़ के खतरे से निपटने के लिए पहले से तैयार रहने की आवश्यकता पर बल दिया। योजना के तहत बाढ़ संभावित क्षेत्रों की पहचान कर, वहां तटबंधों की मरम्मत, जल निकासी व्यवस्था और अन्य आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी की जानी चाहिए। बैठक में प्रमुख सचिव सिंचाई और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया और मुख्यमंत्री को विभाग के चल रहे कार्यों की प्रगति से अवगत कराया।

## यूपीः भाजपा के प्रदेश संगठन में चुनाव प्रक्रिया हुई शुरू, केंद्रीय नेतृत्व ने इस नेता को सौंपी चुनावी कमान

उ0प्र0। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने प्रदेश संगठन के चुनाव की प्रक्रिया



शुरू कर दी है। इसके लिए पार्टी नेतृत्व ने सात सदस्यीय चुनाव समिति की घोषणा करते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय को चुनाव अधिकारी बनाया है।

छह अन्य सह चुनाव अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इनकी नियुक्ति में जातीय और क्षेत्रीय समीकरणों का खास ख्याल रखा गया है। पार्टी के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के लक्ष्मण की ओर से जारी पत्र के मुताबिक जिन छह सह चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, उनमें अवध क्षेत्र के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष मुकुट बिहारी वर्मा, काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कमलेश कुमार, कानपुर–बुंदेलखंड के फतेहपुर की जिला प्रभारी रंजना उपाध्याय, पश्चिम के क्षेत्रीय महामंत्री हरीश कुमार सिंह, बृज क्षेत्र से मैनपुरी के जिला प्रभारी अनिल चौधरी और गोरक्ष क्षेत्र से प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य राजेंद्र तिवारी शामिल हैं।

सूत्रों का कहना है कि 30 अक्तूबर को पार्टी की सक्रिय सदस्यता का अभियान समाप्त होने के साथ ही संगठन के चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। सबसे पहले मंडल और जिला संगठन के पदाधिकारियों का चुनाव होगा। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होगा। प्रदेश स्तरीय संगठन के चुनाव के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। सूत्रों का कहना है कि पार्टी ने दिसंबर तक सभी मंडल और जिला संगठन का चुनाव कराने का लक्ष्य है। इसके बाद जनवरी में प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा।

## ऐतिहासिक दशहरा मेले में ''स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम'' का आयोजन

**स्पर्श सिन्हा**

**लखीमपुर–खीरी (संज्ञान दृष्टि)।** नगर के ऐतिहासिक दशहरा मेला के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में पांचवे दिन नगर पालिका परिषद और जे सी आई लखीमपुर–खीरी (जेसीज) के संयोजन में स्व. डा. रवि श्रीवास्तव की स्मृति में ''स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम'' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिवार ने अतिथियों और समाज सेवियों का सम्मान किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि कुंवर राघवेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख दिव्या सिंह, पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, और मेला अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलन और स्व. रवि श्रीवास्तव के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। उन्होंने मेला के आयोजन में पालिका परिवार और सभी सहभागी विद्यालयों का आभार व्यक्त किया। समाजसेवी राम मोहन गुप्त के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय वैश्य महा सम्मेलन के प्रादेशिक पदाधिकारी राम मोहन गुप्त, श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा के डा ओम प्रकाश श्रीवास्तव, श्री हनुमान जन्मोत्सव आयोजन समिति संरक्षक विमल अग्रवाल, जेसीआई के अध्यक्ष उत्कर्ष श्रीवास्तव, स्वर्णकार सभाध्यक्ष विद्या चरण रस्तोगी एवं बरनवाल नवयुवक संघ अध्यक्ष नितिन बरनवाल को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा देश प्रेम, जागृति, और संस्कृति पर आधारित की गई विभिन्न प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। जूनियर वर्ग में गुरु गोविंद सिंह एकेडमी ने प्रथम, एन एस गोल्डन फ्यूचर एकेडमी ने द्वितीय, और नवभारत पब्लिक स्कूल ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. रुचि रानी गुप्ता, जसविंदर कौर, और अन्य सदस्य शामिल थे। इस अवसर पर मेला अध्यक्ष सभासद मनोज राज, सहयोगी मेला अध्यक्ष श्वेता शुक्ला एवं पिंकी देवी, मेलाधिकारी इंजी. अमर दीप मौर्य, सहायक मेलाधिकारी मुरारी लाल सूर्यवंशी, विशाल शुक्ला, समाजसेवी कपिल श्रीवास्तव, विभा श्रीवास्तव,










अनिल श्रीवास्तव, आशी प्रियंवदा, ज्योति वर्मा, अनूप शुक्ला, बजरंग शर्मा, दीपक रस्तोगी, विनोद गौतम, दीपक गुप्ता, सर्वेश वर्मा, शिवकिशोर अवस्थी, जेसी योगेश जोशी, राहुल माथुर, स्पर्श अग्रवाल, मुक्ति अग्रवाल, नैना, राधिका, शोभित गुप्ता सहित भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सुरक्षा और व्यवस्था पुलिस प्रशासन और नगर पालिका कर्मियों ने संभाली। वहीं रातभर चले इस कार्यक्रम की दर्शकों ने सराहना की। इस सफल आयोजन ने नगर की सांस्कृतिक एकता को और मजबूत किया है। दर्शकों ने इस सफल आयोजन के लिए नगरपालिका लखीमपुर को धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

## राजेंद्र नगर में महिलाओं ने श्रद्धा से मनाया करवाचौथ का पर्व

**पवन शर्मा**

**साहिबाबाद (संज्ञान दृष्टि)।** साहिबाबाद के राजेंद्र नगर, सैक्टर 3 में महिलाओं ने बहुत ही श्रद्धा और उमंग से करवा चौथ का त्यौहार मनाया। स्थानीय महिला अनुपमा शर्मा ने बताया की उन्होनें पूरे दिन व्रत रख कर अपने पति की लंबी आयु की कामना की और ब्लॉक की सब महिलाओं ने मिल कर इस त्यौहार को बड़ी खुशी खुशी मनाया। कविता चौहान ने बताया कि हर वर्ष ब्लॉक में सभी महिलाएं किसी एक महिला के घर इकठ्ठा होती हैं और सब मिलकर इस पर्व का आनंद उठाती हैं। उन्होंने बताया कि देश में सौभाग्य



का यह सबसे बड़ा त्यौहार है। स्वाति शर्मा ने कहा कि उनके घर सब महिलाओं ने इकठ्ठा होकर करवा चौथ की कथा सुनी और सबने अपने परिवारों और पति के लिए मंगल कामना की। उपस्थित महिलाओं में गीता शर्मा, नीतू त्यागी, ऋतु अरोड़ा, नीतू शर्मा, प्रीति चौधरी आदि रहीं।

दैनिक
संज्ञान दृष्टि
लखीमपुर–खीरी, सोमवार 21 अक्टूबर 2024



# सम्पादकीय

## बालविवाह और घुसपैठ पर अहम फैसला

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में प्रधान न्यायधीश डीवाई चंद्रचूड़ के कार्यकाल में कई ऐसे फैसले आए है जो आने वाले समय मे न्याय के क्षेत्र में एक नजीर बनकर सामने आते रहेगें।लोगों को याद होगा कि वर्षो पहले एक फिल्म में न्याय की देवी की अखिों में पट्टी का इशारा करते हुए एक गाना आया था।'' यह अन्धा कानून है। अब वर्षो बाद सुप्रीम कोर्ट में न्याय की देवी की नई मूर्ति लगाई गई है। इस मूर्ति में कुछ बदलाव किए गए हैं। मूर्ति की आंखों से पट्टी हटा दी गई है और हाथ में तलवार की जगह संविधान की किताब दी गई है। भारत के चीफ जस्टिस सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने ये बदलाव करवाए हैं। इसका मकसद ये बताना है कि भारत में कानून अंधा नहीं है। नई मूर्ति को सुप्रीम कोर्ट के जजों की लाइब्रेरी में लगाया गया है। डीवाई चंद्रचूड़ ने खुद इस मूर्ति को बनाने का आदेश दिया था। दरअसल पुरानी मूर्ति में दिखाया गया अंधा कानून और सजा का प्रतीक आज के समय के हिसाब से सही नहीं था, इसलिए ये बदलाव किए गए हैं। यही नही बीत सप्ताह में सुप्रीम कोर्ट ने बाल विवाह और असम अवैध घुसपैठ पर अहम फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बचपन में कराए गए विवाह से बच्चों के जीवन साथी चुनने का अधिकार खत्म हो जाता है, और यह अधिकार चाइल्ड मैरिज के माध्यम से उल्लंघन होता है। कोर्ट ने बाल विवाह रोकने के लिए संबंधित अधिकारियों से कदम उठाने की अपील की और नाबालिगों को सुरक्षा प्रदान करने की आवश्यकता बताई। इसी तरह नागरिकता कानून की धारा 6–1 की संवैधानिकता पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने एक पुराने मसले के नए सिरे से उभर आने की आशंकाओं पर तो विराम लगा ही दिया, कई ऐसे पहलुओं पर भी रोशनी डाली, जिससे समकालीन बहस को दिशा मिल सकती है।

इस लिहाज से यह फैसला असम में अवैध प्रवासियों के मामले को देखने के असम समझौते में रेखांकित हुए नजरिए की पुष्टि करता है। सुप्रीम कोर्ट में प्रधान न्यायधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने इस मामले पर सुनवाई की और 141 पन्नों के फैसला देते हुए साफ कहा, घ्बाल विवाह निषेध अधिनियम किसी भी 'पर्सनल लॉ' की परंपरा से बाधित नहीं हो सकता। ये बच्चों की आजादी, उनकी पसंद, उनके निर्णय लेने की क्षमता, बचपन में आनंद लेने के अधिकार को प्रभावित करता है।घ्इसके साथ कोर्ट ने मामले पर फिक्र जाहिर करते हुए 'सोसाइटी फॉर एनलाइटनमेंट एंड वॉलेंटरी एक्शन' द्वारा 2017 में लगाई गई याचिका पर फैसला देते हुए कुछ निर्देश दिए है कि बालविवाह रोकने के लिए राज्य और केंद्र शासित क्षेत्र जिला स्तर पर चाइल्ड मैरिज प्रिवेंशन ऑफिसर नियुक्त किए जाए। हर राज्य इस संबंध में 3 महीने में रिपोर्ट अपलोड करें। स्कूल, पंचायत, स्थानीय संस्थाओं में चाइल्डलाइन ह1098व और महिला हेल्पलाइन 181 की जानकारी दी जाए। बच्चों को समझाया जाए कि कैसे मदद ली जाती है। जबकि इसके ठीक विपरीत मुस्लिम पर्सनल लजैसी चीजें भी हैं जो एक मजहब को पूरी तरह से आजादी देती हैं कि लड़की का निकाह 15 साल की उम्र में करवा दिया जाए। यानी अगर कोई मुस्लिम परिवार बच्ची के इस उम्र में प्रवेश करते ही उनकी शादी करा देता है तो इसका मतलब ये है कि वो उनके हिसाब से गलत नहीं है और कानून भी उन्हें कोई सजा न दे। मुस्लिम पर्सनल लॉ शरीयत आवेदन अधिनियम, 1937 के तहत नाबालिगों 18 साल से कम उम्र की लड़ी को निकाह की अनुमति दी गई है। कानून के अनुसार लड़की के यौवन में प्रवेश करते ही उसे वयस्क मान लिया जाता है और उसका निकाह जायज होता है। ध्यान रहे कि कट्टरपंथियों के बनाए नियमों का असर सिर्फ समुदाय पर नहीं पड़ता बल्कि इससे देश की न्याय व्यवस्था भी प्रभावित होती है। ज्यादा पुराना नहीं, 2022 का मामला है। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने एक मुस्लिम लड़की के निकाह को शरिया का हवाला देकर वैध माना था। इसके बाद झारखंड हाईकोर्ट ने भी एक मामले में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के तहत एक निकाह को जायज बता दिया था। अब सोचिए, एक देश, जहाँ हर वर्ग के लोग संविधान के हिसाब से चलते हों, अपराध करने से पहले कानून में दी गई सजा से डरते हों, वहीं उसी देश में एक मजहब को ये आजादी है कि वो अपनी बनाई व्यवस्था से अपनी महिलाओं पर अत्याचार करें। उनकी कम उम्र में निकाह करवा दें, उनसे तीन तलाक ले लें, फिर उन्हें हलाला के गर्त में ढकेल दें। देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते बताइए क्या ये रवायत सही है? क्या मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का असर सिर्फ उन्हीं तक है जो इसको मानते हैं। न्यायालय में फैसले देते समय इसका असर कैसे पड़ता है ये तो आपने पढ़ा ही है ऐसे में अब सामाजिक तौर पर भी सोचिए। जहाँ ऐसी चीजों को बढ़ावा मिलेगा क्या उससे दूसरा समुदाय प्रभावित नहीं होगा! क्या वो देखा–देखी में अपनी कम उम्र की बेटी की शादी के ख्याल मन में नहीं लाएंगे ? हालांकि हर समाज में एक पढ़ा लिखा वर्ग ऐसा है जिससे पर्याप्य उम्र के बाद ही विवाह की परम्परा को अपनाया है। जबकि घुसपैठ मसले में अदालत के सामने एक बड़ा सवाल यह था कि नागरिकता के लिए दो कटऑफ डेट रखना सही है या नहीं। कोर्ट ने इसे सही बताते हुए स्पष्ट किया कि असम की खास भौगोलिक स्थिति और अवैध घुसपैठियों की समस्या की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने असम समझौते के रूप में एक राजनीतिक समाधान निकाला। धारा 6–1 का जुड़ाव इसी मसले का विधायी समाधान है। कोर्ट के मुताबिक सरकार को इसका पूरा अधिकार है।जहां तक अन्य राज्यों में ऐसा प्रावधान करने की बात है तो इसका सीधा, सहज जवाब हां में आता है। लेकिन इस बिंदु पर कोर्ट का यह कहना महत्वपूर्ण है कि किसी अन्य राज्य में समस्या ने इतना गंभीर रूप लिया ही नहीं। इस संदर्भ में पश्चिम बंगाल के उदाहरण का फैसले में भी उल्लेख करते हुए कहा गया है कि असम में 40 लाख प्रवासियों की मौजूदगी पश्चिम बंगाल के 57 लाख प्रवासियों के मुकाबले ज्यादा गंभीर इसलिए मानी जाएगी क्योंकि असम में जमीन की उपलब्धता कम है। जाहिर है, अदालत का फैसला बताता है कि इस मसले को सभी तथ्यों, प्रसंगों और संदर्भों के साथ देखकर ही नतीजा निकाला जाना चाहिए। यह फैसला बाहर से आकर असम में रह रहे उन तमाम लोगों के लिए राहत लेकर आया, जो खुद को अनिश्चितता में फंसा महसूस कर रहे थे। फैसले ने बिल्कुल साफ कर दिया कि किन लोगों की नागरिकता पर कोई खतरा नहीं है, किन लोगों को नागरिकता मिल सकती है और किन लोगों को अवैध प्रवासी के रूप में चिि्हत कर कानूनी तौर पर वापस भेजना है। इस लिहाज से अब अनिश्चितता के लिए कोई गुंजाइश नहीं रह गई है। बहरहाल इन दो फैसलों से इतना तो स्पष्ट है कि सुप्रीम कोर्ट बाल विवाह और असम में उपजी हिसंक स्थितियों को रोकने के लिए पूरी तरह से गम्भीर है।

## आज का राशिफल

**मेष :–** अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों की मधुरता बढ़ेगी। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिंतित होगा। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा। असीम प्रतिभाओं के बावजूद असफल होंगे।

**बृषभ :–** विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**मिथुन :–** किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। पारिवारिक संबंधों में कटुता न आने दें। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाप संभव।

**कर्क :–** किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलने वाली हैं।

**सिंह :–** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। नाजुक संबंधों में भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**कन्या :–** कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु उद्वेलित करेगी। दूसरों की आलोचना का असर मनोबल पर कतई न पड़ने दें। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**तुला :–** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन नई–नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी। योजनाएं फलीभूत होंगी।

**वृश्चिक :–** बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा। बिना वजह दूसरों की पीठ पीछे आलोचना न करें। परिवार में खुशहाल स्थिति से मन प्रसन्न होगा।

**धनु :–** दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न पाले। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का भी योग है। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कायरे की पूर्ति समय से करें।

**मकर :–** रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता मिलने का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में क्षमताओं का लाभ उठाएंगे।

**कुंभ :–** रोजगार क्षेत्र में मिल रहे नये अवसरों का लाभ उठाएंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ेंगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मीन :–** आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

## वैज्ञानिक तकनीक से ही भारत की गरीबी, भुखमरी का उद्धार संभव

भारत के विकास पर जनसंख्या का भारी दबाव है उस पर उसके संसाधन तथा उत्पादन के संतुलन में 141 करोड़ की जनसंख्या भारी पड़ती है। देश में इतनी बड़ी जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए संसाधन बहुत ही सीमित और न्यून है, इन परिस्थितियों में देश को अपने उपलब्ध स्त्रषि,जल, खनिज तथा अन्य संसाधनों का अधिकतम दोहन कर आर्थिक स्थिति को क्रति गति से सुधारना होगा और निसंदेरू इसके लिए हमें आधुनिक वैज्ञानिक तकनीक एवं अन्य अनुसंधान का आवश्यक रूप से सहारा लेना होगा तब जाकर हमारी आर्थिक स्थिति का संतुलन जनसंख्या के अनुपात में समानुपातिक हो पाएगा और परिणाम स्वरूप गरीबी तथा भुखमरी से संपूर्ण रूप से ना सही पर काफी हद तक निजात पाई जा सकती है। सदियों से हर समाज गरीबी की कठिन परिस्थिति का सामना करता रहा है। गरीबी किसी मनुष्य को इस कदर मजबूर कर देती है कि वह अपने जीवन की जरूरी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाता है। इसके कारण भुखमरी कुपोषण और बेरोजगारी जैसी न जाने कितनी समस्या गरीब व्यक्ति झेलता है। प्राचीन काल से ही की उत्तम शासन का लक्ष्य गरीबी हटाना व प्रजा के दुख दर्द हटाने के उचित उपाय करना निर्धारित किया गया है। अनेक अर्थ शास्त्रियों ने अपने अलग अलग मत व सिद्धान्त प्रतिपादित किये हैं कि प्रजा के सुख में ही राजा का सुख निहित है, प्रजा के हित में ही उसे अपना हित देखना चाहिए इसीलिए अशोक महान से लेकर अकबर और वर्तमान प्रजातंत्र में हर प्रधानमंत्री गरीबी हटाने के मूल मंत्र को लेकर आगे विकास की बात तय करते हैं। आधुनिक काल में जब शासन कल्याणकारी बनने लगा तो जनता का हित सर्वोच्च लक्ष्य बन गया और गरीबी हटाने के मुहिम जोर शोर से चलने लगे, इसमें काफी हद तक सफलता भी प्राप्त की गई है। जापान आज की स्थिति में विकसित राष्ट्र माना जाता है। पर इसे देखकर निश्चित तौर पर आश्चर्य होता है की यह एक ऐसा देश है जिसके पास में पर्याप्त प्राकृतिक साधन है न ही सुरक्षित निवास स्थान फिर भी लगातार दुनिया की शीर्ष अर्थ व्यवस्थाओं में शामिल होता है। द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका झेलने के बाद यह देश ना जाने कितने भूकंप और प्राकृतिक आपदाओं का सामना निरंतर करता आया है, इसके बावजूद जापान सफल समृद्धि तथा गौरवशाली राष्ट्र बन चुका है, निसंदेह इसके पीछे विज्ञान तकनीकी का वृहद तथा व्यापक प्रयोग ही है। दूसरी तरफ एशिया, अफ्रीका के कई देश हैं, जिनके पास भरपूर प्राकृतिक संसाधन हैं, वे आज भी गरीबी पिछड़ापन को नहीं हटा पाए इसका एक बड़ा कारण पुरानी शैली पर टिका हुआ विकास है। विज्ञान अपनी क्षमता से विकास के हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की ताकत रखता है। पश्चिमी कई देश साधन विहीन होने के पश्चात भी अत्यंत विकसित एवं संपन्न राष्ट्र बने विज्ञान की तकनीकी का भरपूर इस्तेमाल कर वे अपने राष्ट्र को समृद्ध कर पाए हैं। यह तो तय है और स्पष्ट है कि व्यापक गरीबी का निवारण पिछड़े विकास के साधनों से संभव नहीं है, पुराने तरीके जहां अधिक संसाधन समय लेते हैं उसके परिणाम में कम उत्पादन, कम मूल्य प्रदान करते हैं। इसीलिए वैश्विक स्तर पर अब विज्ञान आधारित विकास से गरीबी मिटाने तथा विकास की नई इबारत लिखने की प्रतिस्पर्धा बढ़ चुकी है। गरीबी का सबसे भयानक रूप भुखमरी एक बड़ी समस्या बनकर उभरी है किंतु अब विज्ञान के प्रयोग से काफी कम हो चुकी है। भारत जैसा विशाल जनसंख्या वाला देश कभी भूख से कराह रहा था, पर आज अनाज का निर्यातक बन कर 141 करोड़ जनता का पेट भी भर रहा है और अनाज निर्यात भी कर रहा है। भारत ने स्त्रषि में नवीन यंत्रों को विकसित कर जो बेहतर तौर–तरीकों जैसे वैज्ञानिक प्रयोगों से ग्रीन रिवल्यिूशन को लाकर खड़ा कर दिया। अब भारत में पर्याप्त अन्न का भंडार भारतीय जनमानस के लिए उपलब्ध है। यह निसंदेह वैज्ञानिक तकनीक और दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है, जो हमारे लिए गौरव का विषय भी है। इसी तरह मानव के विकास की अहम आवश्यकता शिक्षा और कौशल तकनीक भी गरीबी निवारण के लिए अपरिहार्य बन गई है। यहां भी वैज्ञानिक तरीकों से लॉजिकल पाठ्यक्रम ऑनलाइन पढ़ाई आदि से गरीबी के कई आधार स्तंभ हटाए गए हैं। विज्ञान आधारित विकास से अब समाज में उद्योग सेवा क्षेत्र में कई नौकरियां तथा रोजगार के अनेक अवसर पैदा हो रहे हैं। विकास यानी गरीबी हटाने के घरेलू उपाय का अच्छा रोजगार देने में विज्ञान का योगदान बहुत ज्यादा रहा है, लगातार बढ़ती अर्थ व्यवस्था में शिक्षा कौशल प्राप्त कर गरीब युवा भी बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकता है। सामाजिक आर्थिक क्षेत्र ही नहीं बल्कि प्रशासनिक राजनीतिक क्षेत्र भी वैज्ञानिक तकनीकी से गरीबी मिटाने के प्रयास में लगातार अनवरत प्रयत्नशील है ई गवर्नेंस वस्मार्ट गवर्नेंस में व्यापक तौर पर पारदर्शिता जवाबदेही लाकर प्रशासन को बेहतर बनाने में मदद की है यह भी गरीबी निवारण के लिए जरूरी सुशांत सुशासन का एक अहम हिस्सा है। विज्ञान तकनीकी आधारित विकास ने हमारी गरीबी का स्तर घटाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रभाव महसूस किया जा रहा है। अब इस बात की जरूरत है कि दुनिया के विकास के मॉडलों में सामाजिक मूल्य कमजोर वर्गों के प्रति करुणा विविध धर्म, संप्रदाय आदि क्षेत्र का सम्मान जैसी बातें भी शामिल हो। अब विकास का ऐसा मडिंल विकसित हो जाना चाहिए जो समाज को पर्यावरण प्रेम, नागरिक मानवीय कर्तव्य, नैतिक मूल्य का भी पाठ पढ़ाए ताकि समस्त सामाजिक वर्ग का विकास एक साथ सबके साथ हो सके। दुनिया के हर महत्वपूर्ण अर्थशास्त्री विकास के मडिंल में विज्ञान की तकनीकी का प्रयोग अत्यंत एवं आवश्यक मानते हैं। अब विकास के साथ विज्ञान और मूल्य का सही संयोजन जरूरी है ताकि असमानता के स्थान पर सभी का विकास संभव हो सके। विज्ञान की अथाह क्षमता तथा व्यक्ति का सदुपयोग विकास के पथ को तीव्र सरल तथा उच्च उत्पादकता वाला बनाना होगा। गरीबी की दर्दनाक पीड़ा पर यह मरहम लगाकर उसे हटाने का बेहतर साधन भी बन सकता है। वैज्ञानिक तकनीक के साथ यदि मानवीय संवेदनाओं का समावेश हो तो यह कई गुना अधिक सफल बन सकती है। ऐसे में येन केन प्रकारेण धन कमाने की लिप्सा और शोषण की सोच की जगह सर्वे भवंतू सुखिनः जैसी सकारात्मक भावनाएं समाज में व्याप्त हो तभी विकास की सही दिशा को कोई भी राष्ट्र प्राप्त कर उस देश की गरीबी को हटाने में सफल हो सकता है।

## तकनीकी शिक्षा अति महत्वपूर्ण

शिक्षा और संस्कार किसी भी विकसित राष्ट्र की पृष्ठभूमि हो सकते हैं। एक शिक्षित राष्ट्र एक महान राष्ट्र बन सकता है। सुसंस्कृत देश को एक सभ्य शांत और शालीन राष्ट्र माना जाता है जो वैश्विक शांति स्थापना का पक्षधर होने की दिशा में निरंतर प्रगतिशील होता है। भारत देश की गिनती ऐसे ही सभ्य संस्कारी राष्ट्र के रूप में होती है और ऐसी भावना तथा संकल्पनाओं को हमने कई सोपानों में प्रमाणित भी किया है। सबसे पहले हमें शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को पहचानना होगास शिक्षा जीवन के महत्व, संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती हैंस शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प हैस जिसके अंतर्गत पढ़ना लिखना समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनो वैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक हैस साक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना उसे इसका कोई संबंध नहीं रह जाता हैस साक्षरता सदैव रोजगार मूलक स्त्रियों से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्त्रति का विकास मानवी शिक्षा से ही संभव हो पाता हैस शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है। इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्बुद्धि और विचार शीलता में वृद्धि करती हैस ऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षों के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है। इसीलिए विचारकों ने शिक्षा और संस्त्रति को अलग–अलग पैमाने से नापा हैस सुसंस्त्रत व्यक्ति सदैव संतुलित, शांत एवं नीति निर्णायक बन सकता है।पर कई उदाहरणों में ऐसा भी पाया गया है उच्च शिक्षित व्यक्ति उच्छृंखल हो सकता है. वर्तमान समय में उच्च शिक्षित और ज्यादा पढ़े लिखे अज्ञानियों की संख्या बहुतायत में हैस ऐसा ज्यादातर तकनीकी शिक्षा के मामले में देखा गया है, इसीलिए उच्च शिक्षित व्यक्ति जो सद व्यवहार नहीं करता, उन्हें केवल साक्षर मान के शिक्षित व्यक्ति ना माना जाएस शिक्षा और संस्कृति तथा विरासत के मूल्य का आपस में गहरा संबंध है। जबकि साक्षरता का इससे बहुत दूर–दूर तक कोई लेना देना नहीं हैस वैसे शिक्षा और संस्कृति के ज्ञान का प्रारंभिक गर्भावस्था से ही हो जाता है, अर्जुन पुत्र अभिमन्यु इस बात के बहुत बड़े उदाहरण हैस महात्मा गांधी तथा अब्राहम लिंकन ने मनुष्य के चरित्र निर्माण एवं विकास के लिए माताओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण बताया है। परिवार की शिक्षा के बाद विद्यालयों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसमें अनुशासन, सहभागिता, समानता एवं नेतृत्व जैसे गुणों का समावेश होता हैस पुस्तकों का ज्ञान व्यक्ति एवं व्यक्ति के जीवन में संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देता हैस पर शिक्षक की भूमिका जिंदगी में बड़ी ही प्रेरणादाई होती है। यह कहा जाता कि बिना गुरु ज्ञान नहीं हो सकता है, लोकोक्ति सही भी है, शिक्षकों का मार्गदर्शन खेल खेलने से विकसित होने वाले मूल्य जैसे समूह की भावना, निष्पक्षता, ईमानदारी, साहस की भावना को परिष्कृत करती हैस ऐसे कई उदाहरण हैं की बिना साक्षरता के व्यक्ति पूर्ण रूप से शिक्षित एवं सुसंस्कृत हो सकता हैस अपने समय के महान चिंतक फिलासफर सुकरात ने कहा था कि मैं शिक्षित अथवा ज्ञानी इस अर्थ में हूं,कि मैं कुछ नहीं जानता। शिक्षा व्यक्ति के जीवन में अहंकार,लालच, हिंसा, कटुता आदि को नियंत्रित करने में मदद देती है। पुराण काल में रावण प्रकांड पंडित एवं साक्षर व्यक्ति माना जाता था पर स्त्री के अपहरण में उसका स्त्रत्य अहंकार लालच लिप्सा उसकी साक्षरता को सार्थक नहीं कर पाई। पर आज के संदर्भ में जब आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है, साक्षरता ने शिक्षा की जगह वरीयता प्राप्त करना शुरू कर दिया है।

यह माना जाता है जिस व्यक्ति के पास अच्छी नौकरी अच्छा पद और मोटी मोटी तनख्वाह है, उसका समाज ज्यादा ही सम्मान करने लगता है। इन्हीं कारणों से समाज मूल्य तथा संस्कृति के विकास को दरकिनार कर रोजगार मूलक साक्षरता को ही आज वरीयता देता है। और समाज उसे सिर आंखों पर बिठा के रखता है। इससे समाज के दीर्घकालिक सांस्कृतिक मूल्यों का हनन होता है, एवं क्षति भी होती है। और इस प्रक्रिया में साक्षरता पक्ष होने के कारण रोजगार साधन बन जाते हैं। एवं साधनों की परवाह न कर इसकी खुली अवहेलना हो लोग करने लगे हैं और इसी कारण शिक्षा के क्षेत्र में नकल, फर्जीवाड़े, धन देकर नौकरी प्राप्त करना आदि की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। साक्षर तो घोटालेबाज केतन पारेख हर्षद मेहता एवं कुख्यात आतंकवादी ओसामा बिन लादेन भी थे, किंतु इनकी शिक्षा की सार्थकता समाज द्वारा सदैव नापसंद की गई एवं समाज इन्हें हेय कृष्टि से देखने लगा है। आज के संदर्भ में ऐसी शिक्षा या साक्षरता की आवश्यकता है, जो मानव जीवन में मूल्यों का विकास एवं मूल्यों की प्रतिबद्धता विकसित कर सके।

जिससे समाजिक गिरते मूल्यों तथा विरासत की अवहेलना ना हो सके। बिना मूल्यों के बिना संस्कृतिक विचारधारा के साक्षर होना ठीक उसी तरह है जैसे किसी बंदर के हाथ में बंदूक या उस्तरा देना है। हमें आज नैतिक साक्षरता देने की आवश्यकता होगी, जिससे व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास विरासत की रक्षा तथा मानवीय संवेदनाओं का संपुट हो, जो व्यक्ति को एक अच्छा इंसान बना सकें।

## खाना खजाना / सेहत / ब्यूटी

### दिन की शुरुआत करें इन 6 हेल्दी ड्रिंक्स के साथ, स्वस्थ रहेगी बॉडी

हमारी सुबह की दिनचर्या हमारे दिन को बेहतर रखती है। अगर आप अपने हेल्थ की ठीक रखना चाहते हैं तो सुबह में हेल्दी ड्रिंक का सेवन जरुर करें। स्वादिष्ट पेय के साथ दिन की शुरुआत करने से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों को बढ़ावा मिल सकता है। इन ड्रिंक्स की मदद से बॉडी से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने के अलावा, ये पेय त्वचा और आंत के स्वास्थ्य को बढ़ाते हैं।

विटामिन, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं ये ड्रिंक्स। रोजाना सुबह इनका सेवन करने से आप खुद को फिट महसूस करेंगे।

**चिया सीड्स ड्रिंक्स**–यह छोटे काले बीज पानी में फूल जाते हैं, जिससे एक जिलेटिनस कोटिंग बन जाती है। एंटीऑक्सिडेंट और प्रतिरक्षा–बढ़ाने वाले गुणों से भरपूर,



चिया बीज एक शक्तिशाली सुपरफूड हैं। इन्हें पानी में मिलाने से आपको आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्व मिलने के साथ–साथ हाइड्रेटेड रहने में मदद मिलती हैकृदिन की एक आसान, पौष्टिक शुरुआत।

**सेब का सिरका और पानी**–पानी में एक चम्मच सेब साइडर सिरका मिलाने से मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देता है और बैक्टीरिया से लड़ने में मदद कर सकता है। अतिरिक्त स्वाद और लाभ के लिए, दालचीनी, लाल मिर्च, नींबू का रस और शहद मिलाने का प्रयास करें। यह ड्रिंक प्रतिरक्षा–बढ़ाने वाला पेय बनाता है।

**हल्दी और काली मिर्च की ड्रिंक**–हल्दी और काली मिर्च अपने सूजन रोधी गुणों के लिए जानी जाती है। इसे बनाने के लिए आप हल्दी को गर्म पानी और थोड़ी–सी काली मिर्च मिला सकते है। यह आपके पाचन में भी मदद करेगी। आप चाहें, तो इसमें एक नींबू का रस भी मिला सकते हैं।

**अदरक की चाय**–इसे बनाने के लिए आप ताजा अदरक को उबलते हुए पानी में डाल दें। यह ड्रिंक मतली और सूजन के लिए सबसे बेस्ट है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट के भरपूर गुण पाए जाते है। यह ड्रिंक सर्दी और गले की खराश के इलाज के लिए सबसे बेस्ट है। अदरक की चाय में शहद और नींबू के साथ मीठा किया जा सकता है।

**एलोवेरा जूस**–यदि आप एलोवेरा का अर्क पानी के साथ मिलाएंगे, तो एक ताजा हाइड्रेटिंग पेय प्रदान करता है। स्किन को हेल्दी रखने और ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने के लिए मदद करता है। एलो जूस एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, जो इसे सुबह–सुबह के लिए आदर्श बनाता है।

**जीरा पानी**–पानी में उबाला हुआ जीरा पाचन में सहायता करता है, सूजन को कम करता है और लीवर को डिटॉक्सीफाई करता है। इसे बनाने के लिए आप पानी को उबाल लें फिर इसमें जीरा डाल दें। जब पानी का रंग बदल जाए, तो इसे छान लें और एक ताजा, पाचन–वर्धक पेय के लिए पीने से पहले इसे ठंडा होने दें।

# नेपाल की धरती पर चीन विरोधी गतिविधियां नहीं होने दी जाएंगी: प्रधानमंत्री ओलियो

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली ने कहा कि देश में चीन विरोधी गतिविधियां नहीं होने दी जाएंगी और यह 'एक चीन' नीति का समर्थन करता है। ओली ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के सदस्य चेन जिनिंग के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय चीनी प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में यह टिप्पणी की। यह बैठक काठमांडू के बालूवातार में उनके आधिकारिक आवास पर हुई। 'एक चीन' नीति के प्रति नेपाल की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए ओली ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि नेपाल



की सीमा में कोई भी चीन विरोधी गतिविधि नहीं होने दी जाएगी। चीन का दावा है कि अलग हुआ देश ताइवान उसका हिस्सा है और चीन के साथ राजनयिक संबंध रखने वाले सभी देशों के लिए एक चीन नीति का पालन करना अनिवार्य है। बैठक के दौरान ओली ने नेपाल के आर्थिक विकास के लिए चीन से निरंतर समर्थन की आशा भी व्यक्त की। प्रधानमंत्री के सचिवालय के अनुसार,चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) और नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (यूनिफाइड मार्क्सिस्ट–लेनिनिस्ट) पार्टियों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने और सहयोग बढ़ाने के बारे में भी बातचीत हुई। ओली सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष हैं और उन्हें चीन समर्थक नेता के रूप में देखा जाता है।

# मिल्कीपुर चुनावः अवधेश प्रसाद ने कहा जानबूझ कर याचिका नहीं कराई गई खारिज, चुनाव लटकाने की कोशिश

मिल्कीपुर। मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव को लेकर फंसे पेंच के



बीच रविवार को सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने अपना पक्ष रखा और भाजपा के आरोपों को सिरे से खारिज किया। प्रेसक्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि चुनाव टालने के लिए भाजपा ने जान–बूझकर याचिका वापस लेने की प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया। इस वजह से याचिका खारिज नहीं हो सकी। अब भाजपा के लोग जनता के बीच अपने कृत्यों को छिपाने के लिए भ्रामक बयानबाजी कर रहे हैं, लेकिन जनता सब जान रही है। उन्होंने कहा कि न्यायालय नियम–कानून के आधार पर चलता है। याचिका वापस लेने के लिए तमाम प्रक्रियाएं होती हैं। जब उन्होंने 12 जून को विधानसभा की सीट से इस्तीफा दे दिया और 13 जून को इसे स्वीकार कर लिया गया तो सीट रिक्त हो गई।

यह याचिका मिल्कीपुर विधायक को लेकर दायर थी, लेकिन जब वह विधायक रहे ही नहीं, तो किस हैसियत से वकील खड़ा करेंगे। यदि भाजपा चुनाव की पक्षधर थी तो सीट रिक्त होते ही उन्हें याचिका वापस लेने की प्रक्रिया शुरू करना था। जान–बूझकर चुनाव टालने के मकसद से ही ऐसा किया गया है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जीत के लिए भाजपा ने ऐड़ी–चोटी का जोर लगाया। तमाम बड़े नेताओं की फौज उतार दी, लेकिन जनता ने उन्हें नकार दिया। इससे देश–दुनिया में अयोध्या–फैजाबाद की खूब चर्चा हुई। इसी से भाजपा डरी–सहमी है और एक साथ उपचुनाव नहीं कराना चाहती है। ताकि पूरा फोकस वह मिल्कीपुर पर ही कर सके और तंत्र का दुरुपयोग हो सके। भाजपा को डर है कि मिल्कीपुर उपचुनाव हारने पर वह कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं बचेंगे। लेकिन जनता ने इस बार भी भाजपा का सफाया करने का मन बना लिया है। इस मौके पर सपा जिला महासचिव बख्तियार खान, अमित प्रसाद, प्रधान सुनील यादव, अखिलेश चतुर्वेदी व अन्य मौजूद रहे।

**सपा सांसद जो ढिंढोरा पीट रहे, वह तथ्यों से परे : गोरखनाथ**–भाजपा के पूर्व विधायक व याचिकाकर्ता बाबा गोरखनाथ ने कहा कि उन्होंने 22 अप्रैल 2022 को याचिका दाखिल की थी। समाजवादी पार्टी और उसके सांसद अवधेश प्रसाद जो ढिंढोरा पीट रहे हैं, वह तथ्यों से परे है। सपा सांसद झूठों के सरदार हैं। पहले मिल्कीपुर का उपचुनाव टलवाने के लिए हाईकोर्ट में एक दर्जन वकीलों को भेजा। अब कह रहे हैं कि हमने कोई वकील खड़ा नहीं किया।

जबकि सच यह है कि मेरी ओर से दायर याचिका को वापस लिए जाने का विरोध करने के लिए अवधेश प्रसाद का वकालतनामा लगा है। सपा चाहती है कि मिल्कीपुर का चुनाव टल जाए। समाजवादी पार्टी के नेता भाजपा से डर गए हैं।

# सलमान खान ने धमकी के बीच फिर शुरू की शूटिंग, जानें कैसे हो रही एक्टर की सुरक्षा

मुंबई। बाबा सिफ्रीकी की हत्या और लॉरेंस बिश्नोई गैंग से धमकी मिलने के बाद बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने एक बार फिर शूटिंग शुरु कर दी है। सलमान खान की सुरक्षा को लेकर शूटिंग के सेट पर कड़ा पहरा है। बताया जा रहा है कि सलमान को घर से लेकर शूटिंग के रास्ते तक में कड़ी सुरक्षा के बीच सफर करना पड़ रहा है। आइए जानते हैं बॉलीवुड सुपरस्टार की सुरक्षा किस तरह से हो रही है। सलमान खान को मुंबई पुलिस से वाई प्लस कैटेगरी की सुरक्षा मिली हुई है। इसके अलावा उनकी सुरक्षा में प्राइवेट सुरक्षा कर्मी भी तैनात हैं। सलमान खान के साथ उनका करीबी बॉडीगार्ड शेरा भी हर समय साथ है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बाबा सिफ्रीकी की हत्या के बाद सलमान की सुरक्षा में इजाफा किया गया है। काफी समय से लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से सलमान खान को लगातार धमकियां मिल रही हैं। इसके बाद उनकी सुरक्षा का काफी ख्याल रखा जा रहा है। सलमान खान के घर के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा सलमान की सुरक्षा को कई लेयर में रखा गया है। सलमान खान को मिली वाई प्लस सुरक्षा में 11 जवानों की तैनाती की गई है, जिनके पास आधुनिक हथियार हैं। जबकि सलमान की सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों को दूसरे लेयर में रखा गया है।

इसके बाद बॉलीवुड स्टार की प्राइवेट सिक्योरिटी का नंबर आता है। इसमें करीब 30 से अधिक सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है। बताया जा रहा है कि सलमान जब कहीं जाते हैं तो उन्हें तुरंत गाड़ी से उतरने की इजाजत नहीं है। सुरक्षा कर्मी



पहले आसपास की जांच करते हैं, जब सुरक्षा कर्मियों द्वारा हरी झंडी दी जाती है, तो वह अपनी गाड़ी से उतरते हैं।

इससे पहले शुमवार को मुंबई ट्रैफिक पुलिस को बन्नलीवुड अभिनेता के नाम पर एक धमकी भरा संदेश मिला, जिसमें सलमान खान से पांच करोड़ रुपये की मांग की गई। मुंबई ट्रैफिक पुलिस के वाट्सएप नंबर पर भेजे गए संदेश में कहा गया कि इसे हल्के में न लें। अगर सलमान खान जिंदा रहना चाहते हैं और लॉरेंस बिश्नोई से अपनी दुश्मनी खत्म करना चाहते हैं, तो उन्हें पांच करोड़ रुपये देने होंगे। मैसेज में चेतावनी दी गई है कि अगर पैसे नहीं दिए गए, तो सलमान खान की स्थिति बाबा सिफ्रीकी से भी बदतर होगी।

# करवा चौथ पर पति की लंबी उम्र के लिए सोनाक्षी सिन्हा ने रखा व्रत

मुंबई। देशभर में करवा चौथ की धूम है। फिल्म जगत के तमाम सितारे उत्साह के साथ करवा चौथ का पर्व मना रहे हैं। शादी के बाद अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा का यह पहला करवा चौथ है। सोनाक्षी ने सोशल मीडिया पर झलक दिखाई। सोनाक्षी सिन्हा ने



ब्वॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के साथ 23 जून, 2024 को शादी की थी। 20 अक्टूबर को अपने पहले करवा चौथ को लेकर अभिनेत्री उत्साहित हैं, जिसकी झलक उन्होंने सोशल मीडिया पर दिखाई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर सोनाक्षी लाल साड़ी में दिख रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने लिखा है 'आज और हर रोज आपकी लंबी उम्र के लिए प्रार्थना कर रही हूं। श्रीमान पति जहीर इकबाल के प्यार का प्रतीक है यह मंगलसूत्र। ये मंगलसूत्र हमारे एक दूसरे के प्रति लिए वचन की याद दिलाता है।' रिपोर्ट्स के मुताबिक सोनाक्षी ने पहले करवा चौथ पर नामचीन रोमन हाई ज्वैलर द्वारा तैयार बुलगारी मंगलसूत्र सौतोइर नेकलेस पहना है। यह मंगलसूत्र 18 कैरेट रोज गोल्ड से तैयार किया गया है। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने 23 जून, 2024 को रजिस्टर्ड मैरिज की थी। इसके बाद कपल ने एक वेडिंग रिसेप्शन का आयोजन किया था, जिसमें फिल्म जगत के तमाम सितारों ने शिरकत कर जोड़े को आशीर्वाद दिया था। कपल ने इंस्टाग्राम पर शादी की तस्वीरें साझा कर कैप्शन में लिखा था इसी दिन 23.06.2017, हमने एक–दूसरे की आंखों में प्यार को देखा था और एक–दूजे को जीवनसाथी बनाने का फैसला लिया था। लंबे चौड़े पोस्ट में आगे लिखा, आज उस प्यार ने हमें सभी चुनौतियों के बीच जीत के साथ मार्गदर्शन दिया, जहां हम दोनों परिवार और भगवान के आशीर्वाद से अब हम पति–पत्नी हैं। सोनाक्षी सिन्हा हाल ही में हन्नरर–कॉमेडी काकुड़ा में नजर आई थीं, जिसका प्रीमियर 12 जुलाई, 2024 को जी–5 पर हुआ था। अदाकारा को संजय लीला भंसाली की ओटीटी सीरीज हीरामंडी द डायमंड बाजार में निभाए किरदार को लेकर काफी सराहा भी गया था। इसमें उन्होंने रेहाना और फरीदन की दोहरी भूमिका निभाई थी।

# स्वामी विवेकानंद क्रीड़ा समिति द्वारा जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**स्पर्श सिन्हा**

**लखीमपुर खीरी, (संज्ञान दृष्टि)।** स्वामी विवेकानंद क्रीड़ा समिति ने धर्म सभा इंटर कॉलेज में युवाओं में खेल और राष्ट्र भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर धनंजय सिंह, जिला संघचालक अवधेश गुप्ता, डॉ. डी. एन. मालपानी और जिला प्रचारक अविनाश ने किया।

प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों ने भाग लिया और मैदान पर अपनी खेल–कौशल और उत्साह का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में निम्नलिखित टीमों ने हिस्सा लिया:

– पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज (यूपी बोर्ड)
– पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज (सीबीएसई बोर्ड)
– कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला
– अजमानी पब्लिक स्कूल
– स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज लखीमपुर
– युवराज दत्त कॉलेज ओयल
– पब्लिक इंटर कॉलेज गोला
– स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल जगसड
– गुरु नानक इंटर कॉलेज लखीमपुर
– आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अशोगापुर बुल्स
– जनता इंटर कॉलेज लगुचा
– धर्म सभा इंटर कॉलेज लखीमपुर
– गुरु द्रोणाचार्य महाविद्यालय
– एसजीएस डिग्री कॉलेज रकेहटी

समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में विभाग प्रचारक अभिषेक, जिला संचालक अवधेश गुप्ता, डॉ. डी. एन. मालपानी, और डॉ. डी. के. वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

**'विजेता और उपविजेता:**–सीनियर वर्ग में गुरु द्रोणाचार्य महाविद्यालय,




रामापुर विजेता बना, जबकि एसजीएस डिग्री कॉलेज, रकेहटी उपविजेता रहा। जूनियर वर्ग में वाई डी सी ओयल विजेता रहा, जबकि के. आई. सी. गोला उपविजेता बना। पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज (यूपी बोर्ड) की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का संचालन आशीष सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन आशीष प्रताप श्रीवास्तव ने दिया।

**'युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा:**–स्वामी विवेकानंद क्रीड़ा समिति का उद्देश्य युवाओं में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को प्रोत्साहित करना है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल खेल कौशल को निखारती हैं, बल्कि सहभागिता और एकता की भावना भी बढ़ाती हैं।

# पहले दो अभियंताओं की रार और अब विभागीय खींचतान में फंसा चौड़ीकरण का काम

लखीमपुर खीरी/महेवागंज। शहर के एलआरपी चौराहे से इंदिरा वन तिराहा (तेडुही) तक सड़क चौड़ीकरण का काम गति नहीं पकड़ पा रहा है। पहले दो अभियंताओं के विवाद में काम रुका रहा और अब विभागीय खींचतान के चलते। हालांकि पीडब्ल्यूडी काम पिछड़ने की वजह अतिक्रमण को मान रहा है। काम की रफ्तार बढ़ती, इस बीच पीडब्ल्यूडी सीडी वन के जिला मुखिया बदल गए। हंसराम को मुख्यालय संबद्ध किया गया। उनकी जगह केके झा को जिले की कमान मिली।

जनवरी 2024 में शुरू किए गए काम की समय सीमा जनवरी 2025 है, लेकिन काम अभी आधा भी नहीं हो पाया है। किसी न किसी वजह से काम में अवरोध आता गया। शहर में सड़क खोद कर डाल दी गई। जगह जगह गड्ढे हो गए, रोड़े पत्थर बिखरे पड़े हैं। त्योहारी सीजन शुरू हो चुका है। सड़कों, बाजारों में भीड़ बढ़ रही है। लोगो के पैरों में नुकीले पत्थर चुभ रहे हैं।

वाहन पंक्चर हो रहे है। गड्ढे होने से राहगीर चोटिल हो रहे है। कुछ दिन पूर्व मेला मैदान के पास चलाए गए अतिक्रमण अभियान के बाद से सड़क पर मलबा भी पड़ा



है। चौड़ीकरण में अतिक्रमण बड़ी बाधा है। बिजली पोल, भवन और ट्रांसफार्मर किनारे होने हैं। विभागीय खींचतान और अतिक्रमण की वजह से बिजली खंभे और ट्रांसफार्मर भी नहीं हट सके है।

**बुलडोजर देख तोड़ने लगे अतिक्रमण**–विभाग ने अतिक्रमण कारियों को चिह्नित कर नोटिस थमाए, लेकिन लोगों ने गंभीरता से नहीं लिया। करीब 20 दिन पहले शहर के मेला मैदान चौराहे पर लोक निर्माण विभाग का बुलडोजर गरजा। इससे अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। लोगों के अनुरोध अधिकारियों ने समय सीमा के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटा लेने की चेतावनी दी। अधिकांश लोग आपने भवन पर हथौड़ा चला रहे है। अधिकारियों का दावा है कि शहर की सीमा के बाहर काम लगभग 50 प्रतिशत हो चुका है। अतिक्रमण की वजह से शहर में काम पिछड़ रहा है।

**सैधरी तक हुआ डीबीएम का काम**–चौड़ीकरण में इंदिरा पार्क से मेला मैदान से पहले तक डीबीएम (गिट्टी की पतर बिछाना) का कार्य भी हो चुका है। अब विभाग की ओर से शहर के आबादी वाले हिस्से में किनारे पर खुदाई कर रोड़े बिछाए जा रहे है। खास बात यह है कि अतिक्रमण हटाए बिना चौड़ीकरण होने लगा। अभी कुछ जगह पाइप में पानी का रिसाव है। गिट्टी–मिट्टी डाल कर उसे ढका जा रहा है। इससे लोग मानकों की अनदेखी का आरोप लगा रहे है।

**37 करोड़ की लागत से चौड़ीकरण**–शहर की सड़क अभी सात मीटर चौड़ी है। इसे 10 मीटर चौड़ा किया जाना है। 9.5 किलोमीटर चौड़ीकरण में छह पुलिया भी बननी हैं। महेवागंज में पेट्रोल पंप के पास काफी समय से पुलिया का निर्माण कार्य चल रहा है। धूल का गुबार लोगों को परेशान कर रहा है। खुदाई से गड्ढे और रोड़े से राहगीर चोटिल हो रहे है।

शहर में अतिक्रमण की वजह से काम पिछड़ रहा है। हालांकि लोग अपना अतिक्रमण खुद ही हटा रहे हैं। त्योहारी सीजन से भी काम पर कुछ असर पड़ेगा। बिजली और जल निगम को बजट आवंटित हो चुका है। शहर की सीमा के बाहर काम तेजी से हो रहा है। पुलिया भी बननी है। समय पर काम पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# फैंस के लिए बुरी खबर, जियो सिनेमा पर नहीं दिखेगा आईपीएल का नया सीजन

नई दिल्ली। आईपीएल के नए सीजन का क्रिकेट फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लेकिन उससे पहले ही फैंस के लिए बुरी खबर आई है। दरअसल, इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन का रोमांच इस बार जियो सिनेमा पर नहीं दिखेगा। रिलांयस कंपनी और हॉटस्टार का विलय होने जा रहा है, जिसके चलते ये कदम उठाया जा रहा है।

रॉयटर्स की खबरे के मुताबिक क्रिकेट के सबी मैच और बाकी स्पोर्टिंग इवेंट अब जियो सिनेमा पर दिखाए नहीं जाएंगे। आईसीसी टूर्नामेंटस के होस्टिंग राइट पहले से ही डिज्नी प्लस हॉटस्टार के पास हैं। वहीं आईपीएल 2025 का रोमांच इस बार फैंस को जियो सिनेमा पर नहीं मिलेगा। रिलायंस कंपनी और डिज्नी इंडिया के बीच तकरीबन 71,455 करोड़ में डील तय हुई है। दोनों कंपनियों के बीच फरवरी 2024 में ही डील पक्की हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक जियो सिनेमा पर आने वाले सभी बड़े स्पोर्ट्स इवेंट अब डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर दिखाई देंगे।

हालांकि, इसको लेकर अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। बता दें कि जियो सिनेमा के पास अभी आईपीएल, इंग्लिश प्रीमियर लीग और प्रो कबड्डी लीग के होस्टिंग राइट्स हैं। वहीं डिज्नी के पास आईसीसी टूर्नामेंट के राइट्स हैं। वहीं डिज्नी प्लस हॉटस्टार के पास बेहतर लाइव स्ट्रीमिंग टेक्नोलॉजी होने के चलते सभी स्पोर्ट्स इवेंट के होस्टिंग राइट्स जियो सिनेमा से हॉटस्टार पर ट्रांसफर किए जा रहे हैं। दूसरा पहलू ये भी है कि हॉटस्टार का लाइव स्ट्रीमिंग में रिकॉर्ड काफी जबरदस्त है।

2023 में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल को एक साथ हॉटस्टार पर 59 मिलियन फैंस ने देखा था। फिलहाल, आईपीएल 2025 का मेगा ऑक्शन नवंबर के आखिर तक होने की उम्मीद है। सभी टीमों को रिटेन किए गए खिलाड़ियों की



लिस्ट बीसीसीआई को 31 अक्टूबर तक सौंपनी है। माना जा रहा है कि ऑक्शन में इस बार बड़े नाम नजर आ सकते हैं। नए नियमों के अनुसार, हर टीम को इस बार 6 खिलाड़ियों को रिटेन करने की परमिशन दी गई है। जिसमें से एक खिलाड़ी अनकैप्ड होना जरूरी है।

## एक नज़र

**फर्रुखाबाद–** ट्रैक्टर विवाद में दबंगों ने महिलाओं के साथ की मारपीट, दबंग की मारपीट से तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल, मारपीट कर 4 लाख व सामान लूटने का लगाया आरोप, दबंगों पर ट्रैक्टर ले जाकर एजेंसी पर बेचने का आरोप, दबंग महिला का रिश्ते में लगता है मामा, परिजनों के साथ घर में घुसकर की मांमा ने मारपीट, गर्भवती महिला को दबंगों ने लाठी डंडों से जमकर पीटा, घायल अवस्था में 3 महिलाओं को सीएचसी में कराया भर्ती, दबंगों के खिलाफ थाने में दी तहरीर, पुलिस ने नहीं सुनी फरियाद, थाना कमालगंज क्षेत्र के अलाउद्दीन पुर का मामला।

**गोंडा–** मैजापुर में शराब की दुकान के बाहर मारपीट, दुकान के सेल्समैन पर मारपीट का आरोप, 15 दिन पहले हुई मारपीट का वीडियो वायरल, वीडियो में मारपीट करते दिख रहा युवक, शराब दुकान के बाहर लगती लोगों की भीड़, सीओ कर्नलगंज ने वीडियो का लिया संज्ञान।

**बुलन्दशहर–** सफाई कर्मचारियों ने सफाई इंस्पेक्टर को चप्पलों से पीटा, वेतन वृद्धि की मांग को लेकर सफाई कर्मचारियों ने पीटा, संविदा सफाई कर्मचारियों ने दफ्तर में घुसकर पिटाई की, कर्मचारी कर रहे थे वेतन वृद्धि, स्थाई करने की मांग, विरोध के दौरान उग्र हुए सफाई कर्मचारियों ने जमकर पीटा, मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामले को कराया शांत, वार्ड नम्बर 10 में तैनात बताए जा रहे हैं सफाई कर्मचारी, बुलन्दशहर नगर पालिका के दफ्तर की घटना।

**अलीगढ़–** अलीगढ़ में युवक फलों पर थूक लगाकर बेच रहा, बिक्री करते हुए युवक को स्थानीय लोगों ने पकड़ा, करणी सेना के पदाधिकारी ने थाने में किया हंगामा, पुलिस युवक को हिरासत में लेकर थाने पहुंची, थाना बन्ना देवी इलाके के बारह द्वारी चौराहे की घटना।

**मथुरा–** ताजमहल में जल चढ़ाने वाले श्याम बाबू पर हमला, श्याम बाबू के साथ एक दर्जन बदमाशों ने की मारपीट, बदमाश लाठी–डंडों से पीटकर गंभीर हालत में छोड़कर फरार, श्याम बाबू को गंभीर अवस्था में हायर सेंटर किया रेफर, पुलिस ने 3 हमलावरों को किया गिरफ्तार, अन्य की तलाश, थाना हाईवे क्षेत्र के देवीपुरा इलाके में वारदात को दिया अंजाम।

**कौशाम्बी–** कौशाम्बी की बेटी ने हांगकांग में लहराया परचम, 17वीं एशियन क्रास कंट्री रेस चौंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक, सुनीता सरोज ने हांगकांग में जीता स्वर्ण पदक, भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 6000 मीटर दौड़ में जीता पदक, सुनीता सरोज की जीत से कौशाम्बी में खुशी का माहौल, कौशाम्बी के बरई बंधवा की निवासी है सुनीता सरोज।

यदि आप संज्ञान दृष्टि पर कोई विज्ञापन देना चाहते है या किसी अन्य प्रकार के व्यावसायिक अनुबंध के इच्छुक है तो हमे
sangyandristinewspaper@gmail.com
पर ईमेल कर सकते हैं।
व्हाटसएप नम्बर
+91–7080049049

व्हाट्सएप पर सम्पर्क के लिए
70800–49049
95824–49049
Website :
www.sangyannews.com
sangyandrsitinewspaper@gmail.com

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक प्रांजल श्रीवास्तव द्वारा मंजुला आफसेट, काशीनगर, लखीमपुर–खीरी से मुद्रित तथा 132/2 काशीनगर चोपड़ा इंडस्ट्री लखीमपुर–खीरी, उ0प्र0 से प्रकाशित

सम्पादक– प्रांजल श्रीवास्तव

(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी)

# स्वामी विवेकानंद क्रीड़ा समिति ने करायी जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता

**सीनियर वर्ग में गुरु द्रोणाचार्य महाविद्यालय, रामापुर विजेता एवं एस जी एस डिग्री कॉलेज, रकेहती बने उपविजेता जूनियर वर्ग में वाई डी सी ओयल विजेता एवं के. आई. सी. गोला उपविजेता**






**प्रांजल श्रीवास्तव**

**लखीमपुर खीरी (संज्ञान दृष्टि)।** दिनांक 20 अक्टूबर 2024, स्वामी विवेकानंद क्रीड़ा समिति लखीमपुर खीरी द्वारा युवाओं में खेल और राष्ट्र भावना को बढ़ाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का धर्म सभा इंटर कॉलेज में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर धनंजय सिंह, जिला संघचालक अवधेश गुप्ता, डॉ डी. एन. मालपानी, जिला प्रचारक अविनाश ने किया। सभी टीमों ने मैदान पर अपना पूरा दमखम दिखाया और पूरे उत्साह से खेले।

**निम्न टीमों ने भाग लिया– पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज यूपी बोर्ड,–**पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सीबीएसई बोर्ड,कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला, अजमानी पब्लिक स्कूल, स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज लखीमपुर, युवराज दत्त कॉलेज ओयल, पब्लिक इंटर कॉलेज गोला, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल जगसड, गुरु नानक इंटर कॉलेज लखीमपुर, आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अशोगापुर बुल्स, जनता इंटर कॉलेज लगुचा, धर्म सभा इंटर कॉलेज लखीमपुर, गुरु द्रोणाचार्य महाविद्यालय, एसजीएस डिग्री कॉलेज रकेहटी। समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विभाग प्रचारक अभिषेक, जिला संचालक अवधेश गुप्ता, डॉ डी. एन. मालपानी एवं डॉ डीके वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

**विजेता/उपविजेता–**सीनियर वर्ग में गुरु द्रोणाचार्य महाविद्यालय, रामापुर विजेता एवं एस जी एस डिग्री कॉलेज, रकेहती बने उपविजेता रहे और जूनियर वर्ग में बनी वाई डी सी ओयल विजेता एवं के. आई. सी. गोला टीम बनी उपविजेता तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज यूपी बोर्ड की टीम तीसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम का संचालन आशीष सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन आशीष प्रताप श्रीवास्तव ने किया।

**कार्यक्रम में निम्न उपस्थिति रही–**जिला सहकार्यवाह अमरेश सिंह, आंनद अवस्थी, अनिल मिश्रा, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, गोपाल अग्रवाल, अनिल मिश्रा, मयंक गुप्ता, विनय प्रकाश, आशीष प्रताप श्रीवास्तव, पुरुषोत्तम, सूर्य प्रकाश, शिवम, राम पाण्डेय, कुलदीप, नीरज, संतोष वर्मा, पंकज महेश्वरी, अंशुल जायसवाल, रजत शेखर, कुलदीप गुप्ता, तुषार गर्ग, दीपक अग्रवाल, अभिषेक तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री योजना के तहत इलाज न मिलने से डायलिसिस मरीजों का धरना

**घनश्याम गुप्ता**

**रायबरेली (संज्ञान दृष्टि)।** जिला अस्पताल में प्रधानमंत्री आरोग्य योजना के लाभार्थी शनिवार को सीएमएस चेंबर के सामने धरने पर बैठ गए! शासन से अस्पतालों में आने वाली प्रधानमंत्री आरोग्य दवा जिले के लाभार्थियों को अधिक से अधिक योजना का लाभ देने के आदेश है! परंतु जिला अस्पताल में डायलिसिस के लिए जो भी मरीज को पूर्व में योजना के तहत फ्री दवा मंगवा कर दी जाती थी! नए सीएमएस ने जैसे ही कार्य संभाला तो उन्होंने डायलिसिस मरीजों को कैशलेस योजना के तहत दवा देना बंद कर दिया! शनिवार को जिला अस्पताल पहुंचे डायलिसिस मरीज व उनके साथ तीमारदारों दिलीप गुप्ता, महेश ,कपिल खान व अन्य ने कैशलेस योजना के तहत दवा दिलाने की मांग की!!! सीएमएस डॉक्टर प्रदीप अग्रवाल ने कहा जिला अस्पताल में नेफ्रोलॉजिस्ट डॉक्टर नहीं है! बाहर के नेफ्रोलॉजी डॉक्टर की लिखी दवा कैशलेस योजना के तहत नहीं दी जा सकती जो नियमाअनुसार है वही काम किया जाएगा!

# भीषण हादसा, दो बाइकें आमने–सामने टकराई: मौके पर दो युवकों की मौत, एक का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

**सूरज तिवारी**

**रुदौली (संज्ञान दृष्टि)।** अयोध्या के बाबा बाजार पावर हाउस के पास दो बाइकों में आमने–सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने घायल युवक को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच चल रही है। पुलिस का कहना है कि अभी किसी भी पक्ष की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिस चौकी सैदपुर के गनेशपुर गांव निवासी सुनील कुमार तिवारी पुत्र जगदीश तिवारी (26) मोटरसाइकिल से मुजफ्फरा जा रहे थे। जैसे ही बाबा बाजार पावर हाउस के पास पहुंचे ही थे कि सामने से तेज रफ्तार मोटरसाइकिल लेकर सारिक पुत्र वकील अपने साथी सुनील पुत्र वंशी बैठ कर आ रहा था। बाइक की तेज स्पीड होने के चलते आमने–सामने दोनों बाइकों में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबर दस्त थी कि तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलने के बाद थाना बाबा बाजार पुलिस मौके पर पहुंचकर तीनों घायलों को इलाज के लिए एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने देखने के बाद सुनील तिवारी (26) और सारिक पुत्र वकील (28) निवासी पारा पहाड़पुर को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल सुनील पुत्र वंशी (30) निवासी भैसौली का प्राथमिक उपचार का डॉक्टर ने इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसकी भी हालत गंभीर बनी हुई है। थानाध्यक्ष बाबा बाजार शैलेंद्र कुमार आजाद का कहना है कि दोनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं घायल युवक का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं दूसरी और घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव सीएससी रुदौली पहुंचकर पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए हर संभव मदद दिलाने की बात कहीं। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।



# नेपाल सीमा पर तस्करी की रोकथाम के उपायों पर चर्चा

गौरीफंटा। कस्टम विभाग के सहायक कमिश्नर ने शुक्रवार शाम गौरीफंटा सीमा स्थित कस्टम कार्यालय में नेपाल के अधिकारियों संग बैठक की। इसमें उन्होंने सीमा पर विशेष सतर्कता बरतने के साथ ही तस्करी, सूचनाओं का आदान–प्रदान और अन्य मुद्दों पर चर्चा की।

सहायक कमिश्नर नंदेश्वर सिंह ने गौरीफंटा कस्टम कार्यालय का जायजा लिया। उन्होंने अभिलेखों के साथ–साथ नेपाल से होने वाले आयात–निर्यात के दस्तावेजों का निरीक्षण किया। उन्होंने कस्टम कार्यालय पर सीओ यादवेंद्र यादव, एसएसबी के सहायक कमांडेट सतीश कुमार, गौरीफंटा कोतवाल अवधेश कुमार यादव की मौजूदगी में नेपाल एपीएफ, कैलाली कस्टम और पुलिस प्रभारियों के साथ बैठक की।

सहायक कमिश्नर नंदेश्वर सिंह ने कहा कि खुली सीमा होने के कारण तस्करी, ड्रग्स, नकली करेंसी लाने व ले जाने की वारदातें बढ़ने की आशंका है। ऐसे में सभी सुरक्षा एजेंसियां मिलकर इन वारदातों को रोकने का प्रयास करें। इससे देश विरोधी गतिविधियों की रोकथाम की जा सकेगी। साथ ही सूचनाओं के आदान–प्रदान पर भी जोर दिया। सहायक कमिश्नर ने अधिकारियों संग नोमैंस लैंड का भी जायजा लिया।



**रात 10 बजे तक सीमा खुली रखने की मांग–**पलियाकलां। व्यापारी व भाजपा नेता रवि गुप्ता ने कस्टम के सहायक कमिश्नर से मुलाकात कर भारत–नेपाल सीमा पर होने वाली जन समस्याओं के बारे में बताया। उन्होंने सीमा को रात 10 बजे तक खोले जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे रात में बाहर से आने वाला व्यापारियों के मालवाहक वाहन भी पास हो सकेंगे। सहायक कमिश्नर ने समस्याओं के निस्तारण कराए जाने का आश्वासन दिया है। रवि गुप्ता ने कमिश्नर को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया।

# रामलीला के दूसरे दिन पहुचे क्षेत्रीय विधायक अरविन्द पाण्डे

**विशाल अग्रवाल**

**उधम सिंह नगर/केलाखेड़ा (संज्ञान दृष्टि)।** रामलीला के दूसरे दिन का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक अरविन्द पाण्डे द्वारा किया गया। रामलीला कमेटी अध्यक्ष द्वारा विधायक पाण्डे का जोरदार स्वागत किया गया उन्हें फूल माला पहना कर राधे कृष्ण जी कि प्रतिमा सप्रेम भेट की गयी।



तत्पश्चात विधायक ने सभी जनता जनार्दन का धन्यबाद किया और सभी धर्म के लोगो को मिल झूल कर रहने का संदेश दिया। पाण्डे ने सभी धर्मों का सम्मान किया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायाक अरविन्द पाण्डेय, भाजपा मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र कालरा, (न0यू0जे0) जिला अध्यक्ष डी एल शर्मा, प्रेस क्लब अध्यक्ष बाबा बेअंत सिंह, रामलीला कमेटी अध्यक्ष अजय कालरा, सभासद जितेंद्र चानना, विनीत चानना, हरिओम गुप्ता, ज्ञान चंद्र गुप्ता, सूरज गुप्ता, आनंद गुप्ता, संजय गुप्ता अजय गुप्ता, अंकित गुप्ता, हिन्दू मुस्लिम एकता मंच प्रदेश अध्यक्ष दिलशाद खान, उदय, अजय शर्मा (मामा जी), आशुतोष पाण्डे, शकुर राणा, राहुल सक्सेना, बबलू मेहर, राजेश चुघ आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# विधायक ने दस से अधिक बूथों पर विशेष सदस्यता अभियान का लक्ष्य किया पूरा

**सूरज तिवारी**

**रुदौली (संज्ञान दृष्टि)।** अयोध्या भारतीय जनता पार्टी द्वारा रुदौली विधान सभा क्षेत्र में दस बूथो पर सदस्यता अभियान की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत भारत के प्रधानमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने 15 अक्टूबर से दूसरे चरण के विशेष सक्रियता सदस्य का शुभारंभ किया है।इसी क्रम में रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के दस बूथो पर विशेष सदस्यता अभियान में सहभागिता निभाई। सदस्य बनाने का स्वयं रह–रह के काम किया।यह अभियान 31 अक्टूबर तक चलता रहेगा।भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित राष्ट्रीय प्रदेश के पदाधिकारी लगाए गए हैं। पूरे देश में अभियान चल रहा है उसी क्रम में विधानसभा रुदौली में विधायक रामचंद्र यादव ने विधान सभा क्षेत्र के बैहारी भैंसोली में तीन बूथ, कुड़िरा फरीदपुर के दो बूथ, रजनपुर में एक बूथ, सड़वा में दो बूथ व नेवरा में चार बूथों पर भ्रमण कर विशेष सदस्य बनाने की प्रक्रिया पूरी कराई गई।




इस मौके पर विधायक ने कहा कि सक्रिय सदस्यता अभियान कर्मठ कार्यकर्ताओं को नए अवसरों और जिम्मेदारियों के साथ प्रोत्साहित करेगा। यह अभियान हमारे कार्यकर्ताओं के बीच प्रतिबद्धता और समर्पण की भावना को मजबूत करेगा और मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण में सक्रिय रूप से योगदान करने के लिए सशक्त बनाएगा।

# 65वर्षीय रिटायर्ड स्वास्थ्य कर्मी के निधन पर शोक की लहर'

**शशिभूषण दूबे**

**उसका बाजार सिद्धार्थ नगर (संज्ञान दृष्टि)।** उसका बाजार कस्बा अशोक नगर वार्ड के मोहल्ला ससनी के निवासी रिटायर स्वास्थ्य कर्मी सरवन चौरसिया 65 वर्ष की उम्र में रविवार को दोपहर घर पर अचानक उनकी तबीयत खराब हुई। परिवार के लोगों ने उन्हें नजदीकी के निजी अस्पताल ले गए, जहां ह्रदय गति रुकने से उनका निधन हो गया। इनके निधन पर चेयरमैन प्रतिनिधि हेमंत कुमार जायसवाल, रूपेश सिंह, रामायन मिश्र, हरिशंकर सिंह, पवन जायसवाल, अनंत मिश्रा, पिंटू दुबे, दर्पण जायसवाल, शिवचंद यादव, दुर्गेश रस्तोगी, धर्मेंद्र पांडेय आदि लोगों ने शोक व्यक्त किया।



## महाराष्ट्र चुनाव में बीजेपी की पहली लिस्ट जारी

मुंबई– महाराष्ट्र के लिए बीजेपी की पहली लिस्ट जारी, पहली सूची में 99 उम्मीदवारों के नामों का एलान, नागपुर दक्षिण पश्चिम से देवेंद्र फडणवीस प्रत्याशी ,जलगांव शहर से सुरेश दामू भोले प्रत्याशी बनाए गए, कामठी से चंद्रशेखर बावनकुले बीजेपी उम्मीदवार, शहादा से राजेश उदेसिंह पाडवी बीजेपी उम्मीदवार, नंदुरबार से विजयकुमार कृष्णराव गावित बीजेपी प्रत्याशी, धुले शहर से अनूप अग्रवाल को बनाया गया उम्मीदवार, सिंदखेड़ा से जयकुमार जितेंद्रसिंह रावल बीजेपी प्रत्याशी, शिरपुर से काशीराम वेचन पावरा बीजेपी उम्मीदवार, रावेर से अमोल जवाले को बनाया गया प्रत्याशी, भुसावल से संजय वामन सावकारे बीजेपी प्रत्याशी, चालीसगांव से मंगेश चव्हाण को प्रत्याशी बनाया गया, जामनेर से गिरीश दत्तयात्रेय महाजन प्रत्याशी बनाए गए, चिखाली से श्वेता विद्याधर महले प्रत्याशी, खामगांव से आकाश पांडुरंग फुंडकर प्रत्याशी, जलगांव जामोदा से संजय श्रीराम कुटे प्रत्याशी, अकोला पूर्व से रणधीर प्रल्हादराव सावरकर प्रत्याशी।

# उसका में निकली गई भव्य कलश यात्रा

**शशिभूषण दुबे**

**उसका बाजार सिद्धार्थ नगर (संज्ञान दृष्टि)।** कस्बा के सरौली में शुरू हुए सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के शुभारंभ के अवसर पर रविवार को भव्य कलश व शोभा यात्रा निकला गया है। महिलाए कलश लेकर यात्रा में शामिल हुई।

कलश यात्रा सरौली से निकलकर सारंगी, उंटा पार, केवटलिया, उसकी होते हुए कूड़ा और बूढ़ी राप्ती नदियों के संगम स्थल नौखनिया घाट पहुंची। कथा व्यास पंडित नागेंद्र दास द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से घाट पर कलश में जल भरा गया। इसके बाद श्रद्धालु कलश श्रीमद भागवत कथा स्थल पर पहुंचे, जहा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापित किया गया। इस अवसर पर रणजीत सिंह, डिम्पी सिंह, पंकज, हरिशंकर सिंह, विभूति अग्रहरी, दिनेश मोदनवाल, हेमन्त अग्रहरी, शिव कुमार, पवन, आदि रहे मौजूद।



